17. शब्द और वाक्य की अशुद्धियाँ

छात्र अधिकतर शब्द या वाक्य पढ़ते या लिखते समय कई प्रकार की सामान्य अशुद्धियाँ करते हैं। ये अशुद्धियाँ भाषा के व्याकरण का भली-भाँति ज्ञान न होने के कारण होती ही हैं। साथ ही शब्दों के उच्चारण संबंधी दोष के कारण भी होती हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका छात्रों से कुछ शब्द या वाक्य लिखवाएँ तथा जाँचें।
- ❖ बताएँ, छात्र बहुत से शब्दों में अशुद्धि करते हैं। उन्हें इस प्रकार की अशुद्धियों से परिचित कराएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 110-113 पर दी वर्णों संबंधी, अनुस्वार, विसर्ग संबंधी एवं सामान्य अशुद्धियों से परिचित करवाते हुए शब्दों का शुद्ध रूप पढ़वाएँ।
- ❖ वाक्य रचना करते समय छात्र अधिकतर संज्ञा, लिंग, वचन, कारक, विशेषण, क्रिया एवं काल आदि की अशुद्धियाँ करते हैं। इस ओर छात्रों का ध्यान दिलाएँ।
- ❖ पृष्ठ 113-114 पर वाक्यों की अशुद्धियों से परिचित करवाते हुए वाक्यों में शब्दों का उचित क्रम बताएँ।
- ❖ अभ्यास करवाकर जाँचें।